6. तहसील का नक्शा

जैसे तुमने अपनी कक्षा का नक्शा बनाया वैसे ही तुम्हारे आसपास के खेतों, गांवों आदि को भी नापकर नक्शा बनाया गया है। तुम अपनी तहसील के नक्शे को देखो।

गुरुजी कक्षा को पांच-पांच बच्चों की टोलियों में बांट दें। हर टोली को तहसील का एक नक्शा दे दें। हर टोली में एक छात्र/छात्रा कापी, पेन लेकर तैयार रहे। नक्शा देखकर कई सवालों के जवाब लिखने होंगे।

अपना गांव/शहर

सबसे पहले नक्शे में अपने गांव/शहर को पहचानो। नक्शे में गांव/शहर की सीमा किस चिन्ह से बनाई गई है?

अपने गांव/शहर की सीमा को देखो और उसका आकार अपनी कॉपी में बनाओ।

क्या आसपास के गांवों के आकार भी ऐसे ही हैं?

क्या तुमने कभी सोचा था कि तुम्हारे गांव/शहर का आकार ऐसा दिखता है? तुम्हारी शाला के सबसे पास तुम्हारे गांव/शहर की सीमा कहां से गुज़रती है? गुरुजी के साथ वहां जा कर देखो - तुम्हारा गांव क़हां खत्म होता है और कहां से दूसरा गांव शुरू होता है। उस दूसरे गांव का क्या नाम है? तहसील के नक्शे में अपनी पहचान के दूसरे गांवों/शहरों को ढूंढो।

संकेत सूची देखो :

तहसील के नक्शे से तहसील के सारे गांव शहर कहां है, यह तो पता चलता ही है। साथ में कहां-कहां शाला है, डाकघर है, रेल्वे स्टेशन है, कहां से सड़कें और रेल लाईनें गुज़रती हैं – ऐसी कई बातें भी पता चलती हैं। ये सब चिन्हों से बताई गई हैं। तुम संकेत सूची में देखो और बताओ इन चीजों के क्या चिन्ह बने हैं?

इन प्रश्नों के उत्तर ढूंढकर लिखो।

सड़कें और रेल :

क्या तुम्हारी तहसील से रेल लाईन गुज़रती है? अगर हां तो चिन्ह देखकर बताओ रेलवे स्टेशन कहां-कहां हैं? (पांच नाम लिखो)

ादी और जंगल :

1. तुम्हारी तहसील से कौन सी नदी बहती है? 2. वह तुम्हारे गांव की किस दिशा में बहती है? 3. उस नदी के किनारे बसे पांच गांवों के नाम लिखो। 4. क्या तुम्हारी तहसील का कुछ भाग जंगल है? अगर हां तो जंगल के बीच बसे पाच गांवों के नाम लिखो।

5. जंगल नाका कितने गांवों में है, गिनो। जंगल नाके में क्या होता है?

सुविधायें :

सभी गांवों में शाला, अस्पताल जैसी सुविधायें नहीं होती हैं। बहुत से गांवों में शाला है, मगर कुछ ही गांवों में डाकघर या दवाखाना होता है। कई गांव के लोग एक खास गांव में बाज़ार करने आते हैं। चलो नक्शे को गौर से देखें – कौन-कौन से गांवों में क्या-क्या सुविधायें हैं?

1. ऐसी चार जगहों के नाम बताओ जहां शाला और डाकघर दोनों हैं।

2. तुम्हारी तहसील में इन दिनों कहां-कहां बाज़ार लगता है, तालिका भरो –

रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार

3. तुम्हारी तहसील में कौन-कौन से शहर हैं?

4. उन शहरों में कौन-कौन सी सुविधायें हैं जो आम गांवों में नहीं हैं, नक्शा देखकर बताओ।

तहसील की सीमा

तुमने ऊपर बताए प्रश्नों के उत्तर नक्शे में से ढूंढ कर लिखे। तुम कहां का नक्शा देख रहे थे?

मानो तुम एक बस में बैठे हो और नक्शे में दिखाई किसी एक पक्की सड़क पर जा रहे हो। तुम सड़क पर पड़ने वाले आखिरी गांव तक पहुंचे। फिर बस सड़क पर और आगे बढ़ी और एक दूसरे गांव तक पहुंची। वह गांव और सड़क इस नक्शे में क्यों नहीं दिखाई गई है?

आखिरी गांव की सीमा और बीच के गांवों की सीमा के चिन्हों में क्या फर्क है?

यह दूसरा चिन्ह तहसील की सीमा दिखाता है।

इसके बाद आने वाले गांव तुम्हारी तहसील में नहीं आते इसलिए इस नक्शे में नहीं दिखाए गए हैं।

देखो क्या चारों दिशाओं में तुम्हारी तहसील की सीमा एक से चिन्ह से दिखाई गई है?

तहसील की सीमा के अन्दर आने वाले सभी गांवों-शहरों की देखरेख के लिए तहसीलदार नाम का अधिकारी होता है।

तुम्हारी तहसील का कार्यालय कहां है? तहसील के कार्यालय पर तुम्हारे यहां के लोग किन कामों के लिए जाते हैं?